खाटू में खो गयी रे मेरी पायलिया हे श्याम

खाटू में खो गयी रे मेरी पायलिया हे श्याम
तू ढूंढ के ला या दे घड़वा या देदे मोहे दाम

सुनले सांवरिया पायल मैंने सोने की घडवाई थी
अनमोल जड़े हीरे मोती मैं पहन के खाटू आयी थी
बड़ा श्याम भरोसा तुमपर था और हो गया ऐसा काम

श्याम धणी मेरी जान से प्यारी पायलिया है खोयी रे
अगर मिली ना सेठ सांवरिया समझले खटपट होई रे
तेरे दर पर अनशन कर बैठूँ मैं लेकर तेरा नाम

तेरा मेरा खाटू के राजा देख पुराना नाता है
खोल खजाना भर झोली क्युँ आगे बात बढ़ाता है
हसकर करले कुबूल तू सागर की दुआ सलाम

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/22653/title/khatu-me-kho-gai-re-meri-payaliya-he-shyam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |